स्वच्छ वार्ता
न्यूजलेटर

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# स्वतंत्रता दिवस
## संस्करण



**सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ**

**गार्बेज वल्नरेबल प्वॉइंट से आज़ादी**

**मिश्रित कचरे से आज़ादी**

**गंदे शौचालयों से आज़ादी**

**स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 न्यूजलेटर**

स्वच्छ वार्ता
न्यूज़लेटर

सत्यमेव जयते

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

MINISTRY OF HOUSING AND
URBAN AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA

# स्वच्छता संदेश



“राष्ट्र के चरित्र में सबसे बड़ी बाधा हमारे चारों ओर दिखाई देने वाली गंदगी है। सरकार में आने के बाद मैंने सबसे पहला काम स्वच्छता का किया। लोग हैरान थे कि क्या यह प्रधानमंत्री का काम है। मेरे लिए यह बहुत बड़ा काम है।”

**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**
15 अगस्त, 2014

स्वच्छ वार्ता
न्यूज़लेटर

# INDEX


1 SABB अभियान का शुभारंभ

2 अभियान में SABB शहर एकजुट

3 जाम पड़े नालों से आज़ादी

4 मिश्रित कचरे से आज़ादी

7 गंदे शौचालयों से आज़ादी

8 गार्बेज वल्नरेबल प्वॉइंट से आज़ादी

10 गंदे जलस्रोतों से आज़ादी

13 मैनहोल्स की जोखिम भरी सफाई से आज़ादी

14 SABB अभियान का प्रभाव

| | | | |
|---|---|---|---|
| **16** | **20** | **21** | **23** |
| राज्यों के साथ साझेदारी | समीक्षा बैठक | अन्य साझेदारी | फील्ड विजिट |
| **25** | **27** | **29** | **30** |
| अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग-मुक्त दिवस | SABB के लिए जन आंदोलन | सोशल मीडिया ट्रेंड्स | खबरों में SABB |

# MoHUA की 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' पहल

## चर्चा में




सफाई अपनाओ
बीमारी भगाओ
1 जुलाई - 31 अगस्त

स्वच्छ शहर
स्वस्थ नागरिक

मानसून के मौसम में स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने के बेहद आवश्यक महत्व को समझते हुए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ने 24 जून 2024 को 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' (SABB) पहल शुरू की। 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक चलने वाला यह अभियान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के 'डायरिया रोको अभियान – डायरिया की रोकथम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' के साथ चलाया जा रहा है, जो कि मानसून के मौसम में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के बीच सहयोगी प्रयासों और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर देता है।

## अभियान के प्रमुख घटक

- कचरा संभावित स्थानों पर विशेष सफाई अभियान
- प्रतिदिन कचरा संग्रहण एवं ढुलाई
- सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई
- आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों में बच्चों के लिए स्वच्छता सुविधाएं
- जल गुणवत्ता परीक्षण
- सुरक्षित पेयजल का प्रावधान और जल संबंधी कार्यों के रखरखाव
- उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए त्वरित मूल्यांकन और तुरंत कार्रवाई
- पीपीटी को अपनाना - सुरक्षा, रोकथाम और उपचार रणनीति
- अंतर्विभागीय समन्वय एवं निगरानी
- घर-घर जाकर लोगों की जागरूकता

# अभियान में SABB शहर एकजुट

'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' के अंतर्गत घर-घर जाकर लोगों को बड़े पैमाने पर सफाई अभियान में जोड़ा जा रहा है, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर शहरों में सफाई व्यवस्थाएं बेहतर बनाने और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में मदद मिल रही है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को रोकने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए शौचालय, वर्षा जल संचयन प्रणाली जैसी सार्वजनिक सुविधाएं बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। यह पहल अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान और सुरक्षा रोकथाम उपचार रणनीति के कार्यान्वयन के साथ-साथ समन्वय और निगरानी की भी अनुमति देती है। लगभग 30 लाख नागरिकों को मानसून से पहले की तैयारियों के लिए एक जुट किया गया, जिसमें शहरी स्थानीय निकायों द्वारा 68 हजार से अधिक सफाई अभियान आयोजित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में वर्षा जल संचयन संबंधी पहल और मानसून अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े अभियान चलाए भी जा रहे हैं। इसके अलावा, सफाई मित्रों को प्रशिक्षित करने और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गैर सरकारी और निजी संगठनों को अभियान में शामिल किया गया है।

> **यह पहल अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान और सुरक्षा रोकथाम उपचार रणनीति के कार्यान्वयन के साथ-साथ समन्वय और निगरानी की भी अनुमति देती है।**

**पोर्ट ब्लेयर**



**असम**



**वाइजैग**



**जम्मू और कश्मीर**



# सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए आपदा प्रबंधन एवं स्वच्छता

मानसून के मौसम में, कई राज्यों को गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा, जिनमें भारी वर्षा और बाढ़ शामिल रहे, जिसके कारण अत्यधिक जल-जमाव हुआ और निवासियों पर भी काफी प्रभाव पड़ा। जब अपशिष्ट प्रबंधन एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है तब "सफाई अपनाओ बीमार भगाओ" पहल के तहत, शहरी स्थानीय निकायों ने आपदा प्रबंधन और स्वच्छता के लिए विशेष टीमों की स्थापना की। इन टीमों ने जल-भराव की समस्या से निपटने के लिए जेटिंग मशीनें लगाईं। इसके अतिरिक्त, टीम स्वच्छ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री भी प्रदान की।



पुणे में बाढ़ के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए, नवी मुंबई म्युनिसिपल कार्पोरेशन टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में सफाई और स्वच्छता बहाल करने के लिए 100 स्वच्छता कर्मचारियों और जेटिंग मशीनों की एक टीम बनाई।

‘सफाई अपनाओ बीमारी भागाओ’ अभियान के तहत, त्रिशूर नगर निगम ने मेट्रो नहर के प्रवाह को फिर से जीवंत करने के लिए 1100 किलोग्राम ठोस कचरा साफ किया।






असम में डिगबोई म्युनिसिपल बोर्ड ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आरआरआर केंद्र से आवश्यक सामग्री वितरित की। इस पहल का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना रहा।

भारी बारिश के बाद शहर में गंभीर जल-भराव हो गया, लखनऊ नगर निगम की टीम ने पानी साफ करने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए तुरंत कार्रवाई की।



# मानसून के दौरान घर-घर जाकर कचरा संग्रहण और परिवहन

मानसून में भारी बरसात के चलते कई शहरों में भयंकर बाढ़ और जलभराव के हालात हो रहे हैं। कचरे की मात्रा ज्यादा होने के साथ-साथ बाढ़ से उत्पन्न हुई चुनौतियों के कारण, शहरी स्थानीय निकाय कचरा संग्रहण की प्रक्रिया तेज कर रहे हैं, ताकि प्रभावी ढंग से कचरा प्रबंधन किया जा सके और ज्यादा प्रवाह से बचा जा सके। स्रोत पर ही कचरा अलग करने के अभ्यासों को सख्ती से लागू करना, विशेष वाहनों की व्यवस्था, संग्रह मार्गों और बुनियादी ढांचे के नियमित रखरखाव समेत सुविधाएं बेहतर बनाना, जलभराव के कारण होने वाली बाधाओं को कम करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई को कारगर बनाने के लिए यूएलबी द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया इकाइयों और सामुदायिक भागीदारी को सक्षम बनाया जा रहा है।

## जम्मू




क्यूआर कोड के साथ कचरा प्रबंधन में क्रांतिकारी परिवर्तन! जम्मू में कचरा संग्रहण को सुगम बनाने और प्रबंधित करने के लिए जम्मू नगर निगम ने क्यूआर कोड स्कैनिंग प्रणाली को अपनाया। इसमें पंजीकृत किए गए नागरिक विशेषकर मानसून के दौरान खुद एक विशेष सहायक के रूप में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में मदद कर सकते हैं।

## भोपाल

कचरा संग्रहण और परिवहन के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भोपाल नगर निगम ने SABB पहल के तहत एक विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत नागरिकों को अपने घरों, दुकानों और संस्थानों में स्रोत पर ही कचरे को अलग-अलग करने के लिए कहा गया है। घरेलू हानिकारक कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण के लिए पीथमपुर स्थित लैंडफिल साइट पर भेजा जा रहा है।



## कुलगाम




कुलगाम नगर परिषद ने बड़े स्तर पर घर-घर से कचरा संग्रहण अभियान चलाया, जो नियमित दैनिक कचरा संग्रहण से अलग चलाया गया। इस अभियान के दौरान नागरिकों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करने का महत्व भी समझाया गया।

# मानसून के दौरान घर-घर जाकर कचरा संग्रहण और परिवहन

## चंडीगढ़




चंडीगढ़ में मानसून के दौरान, विशेष रूप से वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम और नागरिक उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अपशिष्ट पृथक्करण, संग्रहण, परिवहन एवं छंटाई को सुव्यवस्थित करने के लिए एक साथ आए हैं।

## त्रिपुरा




त्रिपुरा ने 'सफाई अपनाओ' बीमारी भगाओ' अभियान के तहत गीले कचरे से खाद बनाने की पहल शुरू की। यहां नागरिकों को अलग-अलग किया गया कचरा घर-घर जाकर संग्रहण करने वालों को सौंपने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। फिर इस गीले कचरे को संसाधित करके सबरूम नगर पंचायत द्वारा पर्यावरण के अनुकूल खाद में बदल दिया जाता है।

## विशाखापत्तनम




सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर निगम टीम ने मानसून के दौरान डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन अभियान चला कर नागरिकों को विशेष सुविधा प्रदान की।

# स्वच्छता संदेश



"एक काम मैं आज ही शुरू करना चाहता हूं कि हिंदुस्तान के सभी स्कूलों में शौचालय होने चाहिए, लड़कियों के लिए अलग शौचालय होने चाहिए, तभी हमारी लड़कियां स्कूल छोड़ेंगी नहीं और मैं सांसदों से अनुरोध करता हूं कि जो सांसद निधि का इस्तेमाल करते हैं, वे अपना एक साल का पैसा स्कूलों में शौचालय बनाने में खर्च करें।"

**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**
15 अगस्त, 2014

# सीटी/पीटी- संचालन एवं रखरखाव अभियान

मानसून में होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए शहरों ने उच्च प्राथमिकता पर सक्रिय उपायों के महत्व को समझते हुए सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई की। शहरी स्थानीय निकाय सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों, आवासीय और खेल छात्रावासों में सुरक्षित पेयजल के साथ-साथ स्वच्छ और सुचारु शौचालयों की योजना बनाने और सुनिश्चित करने में कार्यरत हैं। हर आवश्यक मरम्मत और रखरखाव का भी तत्काल समाधान किया गया है।



नवी मुंबई ने सभी एनएमएमसी वार्डों में 400 से अधिक शौचालयों को लक्षित करते हुए एक व्यापक स्वच्छता अभियान शुरू किया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के सहयोग से की गई इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बनाए रखना है, जिसमें मानसून में उत्पन्न चुनौतियों पर विशेष जोर दिया गया है।



चंडीगढ़ नगर निगम की स्वच्छता सखी टीम पूरे शहर में शौचालयों के निरीक्षण में सक्रिय रूप से जुटी हुई है। उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय न केवल स्वच्छ हों बल्कि पूरी तरह से चालू भी हों। टीम का लक्ष्य गहन जांच करके किसी भी मुद्दे का तुरंत समाधान करना एवं स्वच्छता और उसके उच्च मानकों को भी बनाए रखना है।



सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत ग्रेटर जयपुर सीटी/पीटी के लिए प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान चला रहा है। यह अभियान विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सभी शौचालयों में हैंडवॉश और पानी की व्यवस्था उपलब्ध हो।



इंदौर ने शहर भर में स्वच्छता के उच्च मानकों को सुधारने और मौजूदा स्थिति को बनाए रखने के लिए "इंदौर के स्वच्छ शौचालय" नामक एक स्वच्छता पहल शुरू की। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि शिकायतों का निपटारा एक घंटे के भीतर किया जाए और हाई प्रैशर वाले जेट टैंकर द्वारा सफाई की गई। अभियान में 50 से अधिक गतिविधियाँ और लगभग 500 गैर सरकारी संगठनों व लगभग 1000 नागरिकों ने भाग लिया। लगभग 200 सीटी/पीटी केयर टेकर भी शामिल थे।

# कचरा संभावित स्थानों पर व्यापक सफाई अभियान

मानसून के मौसम में कचरा प्रबंधन की चुनौतियों का समाधान करने और जलभराव को रोकने के लिए शहरी स्थानीय निकाय सफाई अपनाओ बीमार भगाओ अभियान के तहत कचरा संचय और जल निकासी के मुद्दों के प्रति संवेदनशील महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्यापक स्तर पर सफाई और गाद निकालने का कार्य कर रहे हैं। बरसाती नालों, पुलियों और सीवरों से जमा गाद, मलबा और कचरे को साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर गाद निकालने का अभियान भी चलाया जा रहा है। दुर्गम क्षेत्रों से गाद और मलबा हटाने के लिए उच्च दबाव वाले जेटर्स, वैक्यूम और एक्सकेवेटर्स जैसे विशेष उपकरणों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है।



असम की चापर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन टीम ने भारी बारिश के दौरान निवासियों की मदद हेतु कचरा संवेदनशील स्थानों को साफ कर 20 मीट्रिक टन कचरे को हटा कर बंद जल निकायों को साफ किया।

मानसून तैयारी की गतिविधियों के हिस्से के रूप में अधिकारियों, छात्रों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों की भागीदारी द्वारा आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में 50 वार्डों में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान और प्लास्टिक जागरूकता अभियान आयोजित किए गए।





पोर्ट ब्लेयर की टीम स्वच्छ और पुलिस अधिकारियों ने हेड्डो सागर तट से कई टन कचरा हटाया। पीबीएमसी ने मानसून के दौरान सुचारू रूप से जल प्रवाह सुनिश्चित करने और बीमारियों को रोकने के लिए प्रतिदिन नालियों की सफाई भी सुनिश्चित की।

# कचरा संभावित स्थानों पर व्यापक सफाई अभियान





जम्मू और कश्मीर के कई शहरों में कचरा संभावित स्थानों को साफ करने के लिए गहन सफाई अभियान चलाया गया, जबकि सुरनकोट मुख्य बाजार में नालियों से गाद निकालने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

मानसून के दौरान बरसाती पानी के प्रवाह को सुनिश्चित करने और कचरे के ढेर को रोकने के लिए, गुवाहाटी एमसी ने सरब भट्टी पुल के पास भरालू नदी पर फ्लोटिंग कचरा बैरियर स्थापित किए और बाढ़ को रोकने के लिए नालियों और ह्यूम पाइपों से गाद निकाली।





मध्य प्रदेश ने 406 शहरों में 1059 बैक लेन की सफाई और सौंदर्यीकरण किया। इस अभियान में बारिश के पानी के सुचारू प्रवाह के लिए गलियों और नालियों की मरम्मत और व्यापक सफाई भी शामिल की गई।

# मानसून के दौरान त्वरित मूल्यांकन और तत्काल कार्रवाई

शहरों में मानसून के दौरान प्रभावी प्रबंधन के लिए उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों का आकलन किया जा रहा है। इसमें बाढ़, जल-भराव या अन्य खतरों के प्रति संवेदनशील स्थानों का मूल्यांकन भी शामिल है। इन उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने के बाद संभावित समस्याओं को कम करने के लिए शहरों द्वारा तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

एनडीएमसी ने मानसून के मौसम के दौरान जल जमाव की घटनाओं को रोकने के लिए अपने क्षेत्र में सड़कों के किनारे 8000 से अधिक बेल माउथ की जांच और सफाई के लिए एक गहन अभियान चलाया। कमजोर झुग्गी बस्तियों की पहचान कर मानसून के मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए गहन एंटी-फॉगिंग भी की।





शहर में हुई मूसलाधार बारिश में नवी मुंबई नगर निगम की आपातकालीन राहत प्रणाली तेजी से सक्रिय हुई। ऑन-साइट मूल्यांकन के बाद जल-भराव की समस्या को हल करने और कम करने के लिए तत्काल उपाय लागू किए गए।

असम के कामाख्या नगर में नाली की रुकावट का आकलन करते हुए नगर निगम ने पूरे यूएलबी में प्री-मानसून नाली की सफाई सुनिश्चित की।



# मानसून के दौरान त्वरित मूल्यांकन और तत्काल कार्रवाई



भारी बारिश के बावजूद, पोर्ट ब्लेयर ने यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए कि पर्यटक समुद्र तटों, सड़कों और अन्य आकर्षण केंद्रों पर सहज रहें। जल-भराव को रोकने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए, अधिकारियों ने पूरे शहर में स्वच्छता और रखरखाव के प्रोटोकॉल लागू किए।

नागालैंड में तुएनसांग, भंडारी, पफुत्सेरो टाउन काउंसिल, दीमापुर नगर परिषद ने स्कूलों के पास बरसाती पानी के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए सभी नालों की सफाई और जल-जमाव वाले क्षेत्रों पर कार्रवाई शुरू की गई।





मध्य प्रदेश के जबलपुर में शहरी स्थानीय निकायों ने कांवण यात्रा निकलने के आधे घंटे के भीतर ही 35 किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग को साफ कर दिया। बाढ़ और जल-जमाव से निपटने के लिए नगर निगम की ओर से सिद्धघाट से लेकर कैलाश धाम तक जगह-जगह सफाईमित्रों की टीम तैनात की गई।

# स्वच्छता संदेश



"मुझे इस 2 अक्टूबर से स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत करनी है और हम इस काम को चार साल के भीतर आगे बढ़ाना चाहते हैं।"

**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**
15 अगस्त, 2014

स्वच्छ वार्ता
न्यूज़लेटर

# मैनहोल्स की जोखिम भरी सफाई से आज़ादी

## #MANHOLESTOMACHINEHOLES #SAFAIMITRASURAKSHA

मानसून के मौसम में सफाई संबंधी कार्य और स्वच्छता व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और उनके कल्याण संबंधी कार्य सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर उपाय किए जा रहे हैं। जल निकासी प्रणालियों का प्रभावी ढंग से काम सुनिश्चित करने के लिए, मानसून के दौरान जलभराव और बाढ़ का जोखिम कम करने के लिए, बारिश के दौरान एक उच्च प्राथमिकता वाली कार्रवाई के रूप में सभी शहरों में मशीनीकृत जल निकासी की ओर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

मानसून संबंधी तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पनवेल में एमसीडी ने सभी सफाईमित्रों के लिए महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। इसमें उन्हें सीवर उपकरणों के उपयोग और पीपीई किट के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया, जो विशेष रूप से बारिश के दौरान सफाई करते समय सफाईमित्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वितरित किए गए थे।











चंडीगढ़ ने 18 सफाईमित्र टीमें और 7 बाढ़/जलभराव नियंत्रण केंद्र गठित किए हैं जो मानसून के दौरान चौबीसों घंटे चालू रहते हैं। इसी तरह सफाईमित्रों के कल्याण और सुरक्षा व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अभिनव पहलों को लागू करने सहित उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पटना नगर निगम में बरसात को देखते हुए और वर्तमान मौसम की स्थिति से निपटने के लिए झुग्गी-बस्तियों में रहने वाली महिलाओं के बीच स्वच्छांगिनी परियोजना शुरू की गई। इस परियोजना के तहत महिलाओं को सीवर की सफाई के लिए मशीन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है। इस काम के लिए 24 महिलाओं की एक सहकारी समिति बनाई गई है। वे मशीन से कीचड़ और सीवर सफाई में मदद करेंगी।







मैनुअल स्कैवेंजिंग को रोकने और सफाई कर्मचारियों को सम्मान प्रदान करने के लिए नगर निगम ग्रेटर जयपुर ने सीवर लाइनों की सफाई के लिए IoT-आधारित रोबोट स्कैवेंजरों को तैनात किया है।

# SABB अभियान का प्रभाव

**6,191,829**
से अधिक नागरिक एकजुट

**120,249**
स्वच्छता अभियान

**सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ**
1 जुलाई - 31 अगस्त

**53,031**
रेनवॉटर हारवेस्टिंग

**113,331**
पोस्ट-मानसून जागरूकता अभियान

**42,908**
गैर सरकारी संगठन/संगठन
प्रशिक्षण के लिए शामिल

अब तक के आंकड़े

# स्वच्छता संदेश



"अगर देश के 125 करोड़ नागरिक यह तय कर लें कि मैं कभी गंदगी नहीं फैलाऊंगा, तो दुनिया की कौन सी ताकत आकर हमारे शहरों और गांवों को गंदा कर सकती है।"

**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**
15 अगस्त, 2014

# राज्यों के साथ साझेदारी



28 जून, 2024 को माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में अपशिष्ट-से-ऊर्जा प्लांट स्थापित करने के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएनएल), गुरुग्राम और फरीदाबाद नगर निगम के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य शहरी विकास संबंधी मुद्दों पर 4 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन चंद्रबाबू नायडू के साथ बैठक की।





केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने अरुणाचल प्रदेश में शहरी बुनियादी ढांचे का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री श्री प्रेमा खांडू, उप मुख्यमंत्री श्री चौना मीन और विभाग के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में 8 जुलाई, 2024 को एक बैठक की अध्यक्षता की।

9 जुलाई, 2024 को गुवाहाटी में सस्टेनेबल भविष्य के लिए शहरी बुनियादी ढांचे के परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्तर-पूर्वी राज्यों के शहरी मिशनों की प्रगति पर केंद्रित समीक्षा बैठक हुई।



# राज्यों के साथ साझेदारी




आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी के साथ विद्युत क्षेत्र और शहरी विकास योजनाओं की एक व्यापक समीक्षा बैठक हुई।

मेघालय के सर्वांगीण समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए माननीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री एम.एल. खट्टर ने राज्य में बिजली और शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा से मुलाकात की।





माननीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने 19 जुलाई, 2024 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ शहरी मिशनों/योजनाओं की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने असम की आवास विकास परियोजनाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 24 जुलाई, 2024 को मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा से मुलाकात की।



# राज्यों के साथ साझेदारी



माननीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने शहरी विकास पर चर्चा के लिए 24 जुलाई, 2024 को राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात की।

माननीय केंद्रीय मंत्री श्री एम.एल. खट्टर और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री श्री डी.के. शिवकुमार के बीच ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित शहरी बुनियादी ढांचे पर 31 जुलाई, 2024 को चर्चा हुई।





नागालैंड में शहरी बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए माननीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने 7 अगस्त, 2024 को नागालैंड के मुख्यमंत्री श्री नेफ्यू रियो से मुलाकात की।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू की उपस्थिति में MoHUA के तहत चल रहे मिशनों की प्रगति पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। समीक्षा शहरी विकास, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन और अमृत पर केंद्रित थी।



# स्वच्छता संदेश



"यदि कोई ऐसी चीज़ है जिसने हर व्यक्ति को प्रभावित किया है, तो वह है स्वच्छता के प्रति आंदोलन। स्वच्छ भारत अभियान को सबसे अधिक ताकत किसने दी है? वो हैं भारत के बच्चे। हम शौचालय बनाने के अपने अभियान में बहुत सफल रहे हैं, खासतौर पर देश भर के स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय बनाने में।"


**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**
15 अगस्त, 2015

# समीक्षा बैठक




केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने 11 जुलाई 2024 को एक व्यापक समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं और मिशनों पर चर्चा की। समीक्षा बैठक में आवासन एवं शहरी कार्य मामलों के राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और अन्य MoHUA अधिकारी उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत वित्तीय प्रगति और प्रदर्शन पर 14 राज्यों के साथ एसबीएम-यू, जेएस एवं एमडी श्रीमती रूपा मिश्रा ने 25 जुलाई, 2024 को समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।







एसबीएम-यू 2.0 अक्टूबर, 2024 में 3 साल पूरे करने वाला है, प्रगति में तेजी लाने के लिए, श्रीमती रूपा मिश्रा, जेएस और एमडी, एसबीएम-यू की अध्यक्षता में 26 जून, 2024 को राज्य मिशन निदेशकों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

# अन्य साझेदारियां







सीपीएचईईओ के सलाहकार श्री वीके चौरसिया ने अनाहेम, कैलिफ़ोर्निया, संयुक्त राज्य अमेरिका में, 10-13 जून, 2024 तक आयोजित किए गए वार्षिक सम्मेलन और प्रदर्शनी (ACE24) में भाग लिया। इस कार्यक्रम में जल और स्वच्छता क्षेत्र में उन्नत प्रौद्योगिकियों, सस्टेनेबल पहल और जल सुरक्षा पर प्रकाश डाला गया।





ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने और सर्कुलर इकॉनमी में परिवर्तन पर 17-20 जून, 2024 के बीच जापान में एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। श्री बिनय कुमार झा, निदेशक एसबीएम, MoHUA ने भी उस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यशाला में जापान के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कानूनों और नीतियों पर प्रकाश डाला गया।

# अन्य साझेदारियां







वेस्ट सप्लाई चेन मैनेजमेंट के अध्ययन के लिए जून 2024 में श्री शक्ति शमशेर, उप सचिव, एसबीएम, MoHUA, ने नीदरलैंड का दौरा किया। टीम स्वच्छ ने इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट (एवीआर - रॉटरडैम) का भ्रमण किया और यूरोप में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग शो में भी भाग लिया।





टीम स्वच्छ ने अपशिष्ट जल प्रबंधन सीखने और समझने के लिए आरहस, डेनमार्क के एक अध्ययन दौरे में भाग लिया। इस दौरे में वेस्ट वॉटर से एनर्जी की रिकवरी, ग्रामीण-शहरी एकीकरण उपचारित जल के पुन: उपयोग, लागत और संयंत्रों के अपग्रेडेशन पर जोर दिया गया।

# फील्ड विजिट






छत्तीसगढ़ में एसबीएम-यू की राष्ट्रीय मिशन निदेशक और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा ने 10 जुलाई 2024 को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी सैनिटरी लैंडफिल, सकरी आईसीसीसी केंद्र और रायपुर में तक्षशिला लाइब्रेरी का दौरा किया।




छत्तीसगढ़ के बिरगांव एसएलआरएम सेंटर की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं, जो घर-घर जाकर कचरा एकत्र करने और उसके सेग्रीगेशन का काम करती हैं, उन्हें कचरे से खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। टीम स्वच्छ ने इन महिलाओं से बातचीत भी की, जो कि अब कचरे से खाद बनाने में विशेषज्ञ बन चुकी हैं।

# स्वच्छता संदेश



"स्वच्छ भारत अभियान के कारण आज लाखों भारतीय बच्चे स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। इस अभियान की विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी सराहना की है।"

**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**
15 अगस्त, 2018

# अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

## 3 जुलाई, 2024





**पिंपरी-चिंचवड़** टीम ने कई स्कूलों और बाज़ार में प्लास्टिक प्रतिबंध पर नागरिकों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने स्वच्छता, अपशिष्ट पृथक्करण और ईको-फ्रेंडली प्रथाओं को बढ़ावा दिया।

**नागपुर** ने अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री दिवस का एक शानदार आयोजन किया जिसमें 200-250 लोग उपस्थित हुए। सभी को जूट बैग वितरित किए गए और प्लास्टिक कचरे को कम करने व सस्टेनेबल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।









**इंदौर** में महिलाओं ने प्लास्टिक के विरुद्ध लड़ाई का बीड़ा उठाया। खरीदारी करते समय कपड़े के थैले का उपयोग करने का संकल्प लिया और दूसरी महिलाओं को भी इस प्रथा को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# स्वच्छता संदेश



देश के प्लास्टिक मुक्त भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करने के लिए, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह से बंद करना हमारा कर्तव्य है। हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी नदियों में गंदगी न डालें। हमारे समुद्री तटों को साफ़ रखें। हमें स्वच्छ भारत मिशन को एक नए स्तर पर ले जाना है।

**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**
15 अगस्त, 2021

# SABB के लिए जन आंदोलन





















# SABB के लिए जन आंदोलन



स्वच्छ वार्ता
न्यूज़लेटर

# सोशल मीडिया ट्रेंड्स


























स्वच्छ भारत मिशन पर ज्यादा जानकारी के लिए

हमें फॉलो करें

Swachh Bharat Mission – Urban @SwachhBharatGov sbm_urban Swachh Bharat Urban swachh-bharat-urban